# चौड़ीकरण से बेघर हुए परिवारों को मिले प्लाट, तो खिल उठे चेहरे

## प्रभावित 16 परिवारों को ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में दिए प्लाट, 2645 का हुआ जनकल्याण, जनप्रतिनिधि और अफसर रहे मौजूद

**उज्जैन। शहर चौड़ीकरण और विकास कार्यों के बीच नगर निगम ने सामाजिक सरोकार का उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। सड़क चौड़ीकरण की जद में आने से कुछ परिवार ऐसे थे। जिनके मकान पूरी तरह प्रभावित हो गए और उनके सामने सिर छुपाने तक की समस्या खड़ी हो गई। ऐसे परिवारों को चिन्हित कर नगर निगम ने उन्हें स्वयं की छत उपलब्ध कराने की पहल की और उन्हें प्लाट उपलब्ध कराए, जिसकी शहरभर में सराहना हो रही है।**

महाकाल की नगरी में सिंहस्थ-2028 की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप करीब 30 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य, सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और आधारभूत संरचनाओं के निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, साधु-संतों और पर्यटकों के आगमन को देखते हुए शहर का स्वरूप बदला जा रहा है।

नानाखेड़ा गेल इंडिया-केटीएम शोरूम से नीलगंगा तक मार्ग चौड़ीकरण परियोजना से पूर्ण रूप से प्रभावित 16 परिवारों को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से पंवासा स्थित नगर निगम द्वारा विकसित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में भूखंड आवंटित किए गए। वर्षों की चिंता और अनिश्चितता से जूझ रहे इन परिवारों के लिए यह आवंटन नई शुरुआत का आधार बना।



### शिकायतों का निराकरण-स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

सभी छह जोन कार्यालयों में कुल 18 शिविर आयोजित किए गए। इनमें शासन के 23 विभागों की 110 योजनाओं से संबंधित 2645 आवेदन और शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनका निराकरण किया गया। शिविर के दौरान पीएम स्वनिधि, संबल, पेंशन, परिवार सहायता और बागवानी योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड तथा 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपए के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर नागरिकों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ लिया। वहीं अमलतास हॉस्पिटल द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों और कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

### जन कल्याण शिविर

विश्व पर्यावरण दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के समापन अवसर पर नगर निगम मुख्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह तथा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईपीएस करनदीप सिंह ने संभाली एएसपी की कमान

उज्जैन। पिछले दिनों पुलिस विभाग में जारी हुई तबादला सूची में 2022 बेच के आईपीएस अधिकारी करन दीप सिंह का तबादला उज्जैन किया गया था। गुरुवार को उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद धार्मिक नगरी में एएसपी का पदभार ग्रहण किया। आईपीएस करन दीप सिंह पूर्व इंदौर के सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। इंदौर में उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की थी। उनकी चर्चित कार्रवाई में वीआईपी वाहनों की चेकिंग शामिल थी। जिसके चलते उनकी काफी चर्चा हुई और कार्यशैली की लोगों द्वारा सराहना की गई। बालाघाट ज़िले के बैहर क्षेत्र में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी करन दीप सिंह एंथ्रोपोलॉजी (मानव विज्ञान) के शिक्षक और सफल यूपीएससी क्रैकर के रूप में सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रियता रहे है। आगामी सिहस्थ महाकुंभ को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें बाबा महाकाल की धार्मिक में स्थानांतरित किया गया। गुरुवार को उन्होंने एएसपी पदभार ग्रहण करने से पहले महाकाल मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन किए और दोपहर में कार्यालय आकर पदभार ग्रहण किया।

## उप संचालक संभागीय जनसंपर्क से की सौजन्य भेंट



**उज्जैन।** अनुराधा गहरवाल, उप संचालक संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, उज्जैन के पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष नवभारत के ब्यूरो भूपेन्द्र भूतड़ा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन कर चर्चा की

# गोल्ड शोरूम के खाते होल्ड करवाने वाला गिरोह आए पुलिस की हिरासत में

**उज्जैन।** साइबर ठगी की राशि से खरीदते थे गोल्ड क्वाइन खरीद कर शोरूम के बैंक खाता होल्ड करने वाले गिरोह के तीन अंतरराज्यीय ठगों को माधव नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनको पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। तीनों से ठगी के कई राज सामने आ सकते हैं।

माधव नगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि 6 जून को कथित नाम अनुराग कहार ने डीपीके गोल्ड शोरूम, घास मंडी चौराहा से लगभग 95 हजार रुपये का 6 ग्राम गोल्ड क्वाइन खरीदा गया। जिसका भुगतान क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया। भुगतान प्राप्त होने के कुछ समय बाद शोरूम का बैंक खाता होल्ड हो गया। इस संबंध में शोरूम प्रबंधन द्वारा थाना माधवनगर में सूचना दी गई। जांच के बाद मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया और सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य के साथ अन्य जानकारी के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। इस दौरान आरोपियों के होटल हीरा पैलेस, सखीपुरा उज्जैन में ठहरे होने की सूचना प्राप्त होने पर दबिश देकर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने उज्जैन के विभिन्न ज्वेलर्स शोरूम से साइबर ठगी की राशि का उपयोग कर गोल्ड क्वाइन खरीदना स्वीकार किया।



थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों के नाम कशिश पिता सुनील 29 वर्ष, निवासी सदर बाजार, नर्मदापुरम, राहुल उर्फ शानू पिता अरुण 26 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 03, सराफा चौक, नर्मदापुरम और अनिमेश उर्फ अनुराग उर्फ अन्नी पिता अभय, 21 वर्ष, निवासी सदर बाजार, नर्मदापुरम सामने आए हैं तीनों को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

### ऐसे देते थे ठगी को अंजाम


आरोपी बायनेन्स एप के माध्यम से यूएसडीटी ट्रेडिंग करते थे। इनके अन्य साथी विभिन्न राज्यों के लोगों को मोबाइल अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजते थे। इसी दौरान पीड़ितों के बैंक खातों से राशि निकाल ली जाती थी। ठगी की गई राशि सीधे ज्वेलर्स के क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कर गोल्ड क्वाइन खरीदी जाती थी। बाद में उक्त गोल्ड को बाजार में बेचकर नकद राशि प्राप्त कर साइबर ठगी की रकम को वैध बनाने का प्रयास किया जाता था। घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, फर्जी आईडी कार्ड, गोल्ड क्वाइन खरीदने के बिल एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

# चाकूबाजी में घायल की मौत, हत्या में बदला मामला, मामला 14 जून का

**उज्जैन। 14 जून की रात रेलवे स्टेशन पर हुई चाकूबाजी में मूल रूप से शाजापुर का रहने वाला दीपक पिता इंदरसिंह हाल मुकाम मंछामन कॉलोनी गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरपीएफ ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया था।**

मामले की जांच जीआरपी को सौंप गई थी। हालत गंभीर होने पर दीपक को इंदौर रेफर किया गया था। मंगलवार-बुधवार रात दीपक की मौत हो गई। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि घटनाक्रम के बाद एक आरोपी कबीर उर्फ दीपक को दूसरे दिन ही हिरासत में ले लिया गया था। दूसरा आरोपी राजेश फरार था। घायल की मौत होने पर मामले में हत्या की धारा का इजाफा किया गया है। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। चाकूबाजी के बाद घायल ने बताया था कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे पर हमला किया गया था। मृतक दीपक पिछले 5 सालों से उज्जैन में रहकर मजदूरी का काम करता था। इंदौर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

## एक नजर में



### रणकेश्वर धाम में लगा योग शिविर

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को रणकेश्वर धाम में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के योग विभाग और रणकेश्वर धाम के संयुक्त तत्वावधान में प्रात: 7 से 8 बजे तक आयोजित हुआ। आयोजन में शिवत्व योग संस्था की टीम ने साधकों को योगाभ्यास का विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में योग गुरुओं ने स्वयं को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखने के सूत्र बताए। जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न बीमारियों से पीड़ित व्यक्रियों को उनकी शारीरिक समस्याओं के अनुसार विशेष आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से वजन कम करने, नींद की समस्या से निजात पाने, मधुमेह, हाई व लो ब्लड प्रेशर के नियंत्रण, अस्थमा, सर्वाइकल, स्लिप डिस्क और साइटिका जैसी शारीरिक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित विशेष योग क्रियाएं करवाई गईं। इस शिविर में महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रणकेश्वर धाम मंदिर समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। आयोजन के समापन पर मंदिर समिति द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों और योग गुरुओं का सम्मान कर उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### डॉ. नियति जैन शाह बनीं प्रदेश सचिव



उज्जैन। महिला स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शहर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं गायनेक कैंसर सर्जन डॉ. नियति जैन शाह को यूनाइटेड इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन की महिला विंग का मध्य प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मधु यादव ने उनकी इस नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। डॉ. नियति शाह महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी अभिनव पहल नार्या की संस्थापक हैं। इस पहल के माध्यम से वे फिजिकल क्लिनिक और डिजिटल एप्लिकेशन दोनों ही स्तरों पर महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। अपने चिकित्सा अनुभव और सामाजिक सरोकारों के चलते उन्होंने अब तक हजारों महिलाओं को कैंसर सहित विभिन्न स्त्री रोगों की समय पर पहचान, उचित परामर्श और उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से अनेक महिलाओं को नया जीवन और बेहतर स्वास्थ्य मिला है। महिला स्वास्थ्य जागरूकता, सेवा और सामाजिक उत्थान में डॉ. शाह के निरंतर और उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए मानवाधिकार संगठन ने उन्हें महिला विंग के प्रदेश सचिव की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी इस नियुक्ति पर शहर के विभिन्न चिकित्सा, सामाजिक एवं अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### जान्हवी ने प्रथम प्रयास में पास की सीए परीक्षा



उज्जैन। धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी उज्जैन की होनहार बेटी कु. जान्हवी साठे ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक चार्टर्ड अकाउंटेंट सीएम की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर ली है। जान्हवी की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से न केवल साठे परिवार बल्कि संपूर्ण उज्जैन शहर गौरवान्वित हुआ है। कु. जान्हवी साठे, उज्जैन विकास प्राधिकरण के जनसंपर्क अधिकारी प्रशांत साठे एवं सुप्रसिद्ध बुटिक व्यवसायी प्रीति साठे की सुपुत्री हैं। जान्हवी की यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने किसी बड़े कोचिंग संस्थान में जाए बिना, ऑनलाइन माध्यम से घर पर ही रहकर इस कठिन परीक्षा की तैयारी की। इसके साथ ही वे विगत दो वर्षों से मुंबई में सीए की व्यावहारिक ट्रेनिंग (इंटर्नशिप) भी कर रही थीं। उन्होंने इंटर्नशिप के कड़े शेड्यूल के साथ पढ़ाई का तालमेल बिठाया और अपने पहले ही प्रयास में सफलता का परचम लहराकर उज्जैन के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया। जान्हवी साठे की इस अद्वितीय उपलब्धि पर उज्जैन के गणमान्य नागरिकों, साठे परिवार के इष्टमित्रों, परिजनों एवं स्नेहीजनों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है। सभी ने उनके इस स्वर्णिम सफर की सराहना करते हुए उनके उज्जवल और यशस्वी भविष्य के लिए मंगलकामनाएं एवं शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

## ढांचा भवन में छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक से मारपीट, आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

उज्जैन। दोस्त की बहन से छेड़छाड़ करने वाले युवक को विरोध किया तो उसे छेड़छाड़ करने वाला अपने 2 साथियों की मदद से एमआर-5 मार्ग ले गया और मारपीट की। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है। चरक अस्पताल में भर्ती ढांचा भवन निवासी प्रीतम पिता नवीन परिहार ने बताया कि अल्फेज नामक युवक दोस्त की बहन को काफी समय से परेशान कर रहा था। कुछ दिन पहले दोस्त और उसने मिलकर अल्फेज को समझाया था। बीती रात ढांचा भवन में रहने वाले कृष्णा कड़ेल और अरमान के माध्यम से अल्फेज ने बात करने के लिये बुलाया और बाइक से एमआर-5 मार्ग लेकर गये। जहां तीनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। उसने बमुश्किल तीनो के चुंगल से बचकर परिजनों को सूचना दी। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी लगने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। विदित हो कि ढांचा भवन में आए दिन विवाद होते ही रहते हैं। इसके पूर्व भी यहां पर तस्कर के मकान में आगजनी की घटना हो चुकी है और इसके पूर्व कुख्यात बदमाश को पुलिस ने पकड़कर केंद्रीय जेल पहुंचा दिया और यहां से स्थानांतरित कर दिया। ऐसे में ढांचा भवन क्षेत्र बदमाशों का गढ़ बनता जा रहा है। पुलिस प्रशासन को इस क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता प्रतीत हो रही है।

# राघवी में खेत में मिली खून से सनी महिला-पुरुष की लाश

**हत्या का सामने आया मामला प्रेम प्रसंग की आशंका**

**उज्जैन। राघवी थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर को दोहरा हत्याकांड सामने आया है। ग्राम ब्राह्मणखेड़ा के समीप एक खेत में महिला और पुरुष के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने कुछ देर में ही दोनों की पहचान कर ली फिलहाल मामले की जांच जारी है प्रेम प्रसंग की आशंका में हत्या को अंजाम दिया जाना सामने आ रहा है।**

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान ग्राम बैलाखेड़ा निवासी मंजू शर्मा पत्नी सत्यनारायण शर्मा 35 वर्ष और कालूराम पिता पर्वत वर्मा 42 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। किसानों ने दोनों के शव पड़े देखें और राघवी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस के साथ एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। शवों पर चोट के निशान पाए गए हैं। राघवी थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दोनों की हत्या होना प्रतीत हो रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल की जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुरानी रंजिश, अवैध संबंध या लेनदेन सहित सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। घटना के बाद से ब्राह्मणखेड़ा और बैलाखेड़ा गांव में दहशत का माहौल है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## बिहार के मजदूर पर चढ़ा लोडर वाहन, मौके पर मौत

उज्जैन। ग्राम धुलमऊ में बुधवार देर शाम बिहार के मजदूर पर लोडर वाहन चढ़ गया। दबने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। भैरवगढ़ पुलिस ने वाहन जप्त कर चालक को हिरासत में लिया है। मृतक के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम धुलमऊ में एमकेसी इन्फ्रा लिमिटेड का प्लांट बना हुआ है जहां बिहार के चम्पारण का रहने वाला अवधेश कुमार पिता रमायन मुखिया 23 वर्ष मजदूरी का काम करता था। देर शाम वह काम में लगा था। उसी दौरान फ्रंट इंड लोडर वाहन क्रमांक यूके 07 एफवी 6906 के चालक विकास ने अचानक तेज गति से वाहन को रिवर्स लिया। पीछे काम कर रहा मजदूर अवधेश चपेट में आ गया और उसके ऊपर पहिया चढ़ गया। दबने से अवधेश की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मजदूर का शव अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं चालक विकास को हिरासत में लेकर वाहन जब्त किया गया है। एसआई डीएस रावत के अनुसार मृतक बिहार का रहने वाला था। उसके परिजनों को सूचना दी गई है जिनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक पिछले कई महीनों से प्लांट पर काम कर रहा था और वहीं पर निवासरत था।

# सत्यनारायण और पूर्णाहुति के साथ भागवत कथा का विश्राम

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित शेषनारायण मंदिर प्रांगण में अधिक मास के उपलक्ष्य में 17 मई से चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन सुबह भगवान सत्यनारायण की कथा और यज्ञ-हवन के बाद भव्य चल समारोह निकालकर कथा व्यास ज्योतिषाचार्य पं. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला को विदाई दी गई।

बुधवार को समापन अवसर पर कथा व्यास पं. विशाल शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध, कुब्जा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध और सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। 17 मई से 15 जून तक चले इस पुरुषोत्तम मास के आयोजन में वेद, पुराण, गीता और श्रीमद् भागवत महापुराण की विस्तृत व्याख्या की गई। चल समारोह में आशुतोष शुक्ला, पिंटू शर्मा, अनिल जैन, राकेश पाठक, राजेश पाठक, विनोद चौकसे, राधेश्याम कोशिशा, आलोक शुक्ला, रक्षा चौधरी, वर्षा जोशी, रजनी शुक्ला, शशि शुक्ला, रुचि शुक्ला, गायत्री चौकसे और दीपा माली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### विधि-विधान से हुआ हवन, निकली

अंतिम दिन अनुष्ठान की शुरुआत भगवान सत्यनारायण की कथा के साथ हुई। इसके पश्चात पं. आर्यन शुक्ला ने पूर्ण आहुति कराई। श्रद्धालुओं ने महाआरती कर कथा व्यास का तिलक कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद चल समारोह निकाला गया। बग्गी में कथा व्यास सवार थे और मातृशक्ति सिर पर भागवत पोथी धारण कर चल समारोह में शामिल हुईं।

# कालिदास अकादमी में मिले सुर मेरा तुम्हारा में आज गूंजेंगे सदाबहार गीत

**उज्जैन।** मराठी सीनियर सिटीजन म्यूजिकल ग्रुप स्वर संगम द्वारा 19 जून को कालिदास अकादमी के अभिरंग सभागृह में मिले सुर मेरा तुम्हारा सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के इस 50वें कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा हिंदी फिल्मों के नए और पुराने सदाबहार गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मुख्य अतिथि कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे होंगे। वहीं विशेष अतिथि के तौर पर डॉ. राजश्री जोशी और महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि संस्था द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को आत्मिक आनंद प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिमाह ऐसे संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। स्वर संगम के अध्यक्ष दीपक शेंबेकर, संचालक रविंद्र अयाचित, सह संचालक संजय देशपांडे और कोषाध्यक्ष नितिन देशपांडे ने रसिक श्रोताओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर गीतों का आनंद लें और प्रस्तुति देने वाले वरिष्ठ जनों का उत्साहवर्धन करें।

**एक नजर में** — पत्नी और मित्रों को भी साथ ले गया, नियम तोड़कर पूजा की और फोटो भी शेयर किए

# दिल्ली का डिजिटल क्रिएटर महाकाल मंदिर के गर्भगृह में बंद के बावजूद घुसा

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आम प्रवेश बंद होने के बावजूद दिल्ली का डिजिटल क्रिएटर अक्षय आनंद अपनी पत्नी और मित्रों के साथ अंदर घुस गया और दर्शन-पूजन किए। इतना ही नहीं उसने प्रतिबंध के बावजूद मोबाइल का उपयोग किया। फोटो- वीडियो बनाए और उसे सोशल मीडिया पर वायरल भी किया। आम श्रद्धालुओं से लेकर जनप्रतिनिधियों व मंदिर के पंडे-पुजारी सब इस कृत्य से नाराज है। लेकिन कोई कुछ नहीं कर सकता है। क्योंकि मंदिर के गर्भगृह में इतनी बड़ी सुरक्षा के घेरे को तोड़कर कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकता है। इसका मतलब है कि उसे ऊपर से ही किसी ने अंदर जाने की अनुमति दी थी। इस कारण उसे किसी ने रोका नहीं। जबकि मंदिर समिति यह प्रचार करती है कि गर्भगृह आम में प्रवेश पूरी तरह से बंद है। केवल मंदिर के पंडे-पुजारी आरती-पूजा के लिए अंदर जाते हैं। इसके अलावा विशेष परिस्थिति में कोई बड़े संत या राजनेता शासन-प्रशासन से अनुमति लेकर ही अंदर से दर्शन कर सकते हैं। इसके अलावा कोई भी नहीं जा सकता है तो फिर ये लोग कैसे चले गए। इस पर बवाल मचा है।सोशल मीडिया पर लोग गर्भगृह में जाकर दर्शन करने और फोटो खिंचवाने की तस्वीरें सामने आने पर मंदिर समिति के कामकाज और आम भक्तों के साथ हो रहे भेदभाव पर सवाल उठा रहे हैं। आपको बता दे कि मंदिर में 4 जुलाई 2023 से आम प्रवेश बंद है। इसके पहले मंदिर समिति 1500 रुपए की रसीद पर दो लोगों को गर्भगृह में प्रवेश देकर दर्शन करने और जल चढ़ाने की अनुमति देती थी।



### श्रावण महोत्सव में प्रस्तुति हेतु 317 आवेदन, जल्द जारी होंगे नाम



महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आयोजित श्रावण महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए कुल 317 कलाकारों ने आवेदन दिए है। इन आवेदनों में कलाकारों के नाम चयन हेतु गठित समिति ने बैठक कर इनका परीक्षण कर लिया है। जल्द ही इनके नामों की सूची जारी कर दी जाएगी। श्रावण व भादो मास में आयोजित होने वाले 21 वें श्रावण महोत्सव-2026 में ये चयनित कलाकार मंच से गायन, वादन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। इसमें सहभागिता हेतु समिति ने कलाकारों से ऑनलाइन आवेदन 27 मई से 10 जून 2026 तक गूगल फॉर्म के माध्यम से आमंत्रित किए थे। बैठक में बताया गया कि महोत्सव हेतु कुल 317 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### सांसद का विरोध, समिति ने कहा वीआईपी के साथ थे

इस पूरे मामले में अधिकारियों से बात की तो उनका कहना है कि बिना अनुमति के कोई भी व्यक्ति गर्भगृह में प्रवेश नहीं कर सकता है। डिजिटल क्रिएटर अक्षय आनंद उनकी पत्नी और मित्र हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के साथ आए थे। इसलिए उन्हें भी अंदर प्रवेश की अनुमति मिल गई थी। जबकि नियम विरुद्ध दर्शन करने पर उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने इसका विरोध जताते हुए कहा कि मैं खुद भी जब मंदिर जाता हूं तो बिना किसी प्रोटोकॉल का उपयोग करे आम लोगों की लाइन में लगकर दर्शन करता हूं तो फिर ये लोग कौन से वीआईपी है। प्रशासन इन लोगों को कैसे अनुमति दे रहा है।